# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 07.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रांची में 12 अक्टूबर को स्वदेशी जन जागरण के तहत मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सुबह 6 बजे मोराबादी मैदान से होगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि लगभग दस हजार लोग इस मैराथन में शामिल होंगे, जिसमें छात्र, सामाजिक संगठन, एनसीसी और एनएसएस के सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया को आमंत्रित किया गया है तथा प्रतिभागी आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के संदेश के साथ तिरंगा लेकर दौड़ेंगे।

*******************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद आज रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए घटक दलों की बैठक हुई, जिसमें भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए एकजुट होकर जीत के संकल्प के साथ चुनाव लड़ेगा। उन्होंने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार, कुशासन और जनता की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि गठबंधन इन मुद्दों को जनता के बींच उठाएगा।

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए वर्तमान परिस्थितियों का आकलन कर रही है और चुनाव के दौरान जनता को राज्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएगी।

*******************

घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की विस्तारित बैठक 15 अक्टूबर को हरमू स्थित सोहराई भवन में बुलाई गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में घाटशिला उपचुनाव और बिहार चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में पार्टी की सांगठनिक स्थिति, राजनीतिक परिस्थिति और सदस्यता अभियान की भी समीक्षा की जाएगी।

*******************

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने झारखंड सरकार पर सारंडा वन क्षेत्र को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार को सारंडा पर स्पष्ट प्रतिवेदन जारी कर पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और खनन गतिविधियों के बीच संतुलन की ठोस नीति बनानी चाहिए।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रयासों से महिला, युवा किसान सशक्त हुए हैं और 25 करोड से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि देश में चल रहे प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल और समाजिक सुरक्षा योजनाओं में सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। सरकार का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें गर्व से कहो ये स्वदेशी है का आह्वान नजर आए।

*******************

देश में बच्चों के कफ सिरप से जुड़ी खबरों के बीच रांची जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रशासन ने बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

आज रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में साफ आसमान और खुशनुमा मौसम देखने को मिला। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम अब कमजोर हो चुका है और अगले 24 घंटे में समाप्त हो जाएगा, जिससे बारिश में कमी आएगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले चार दिनों में हवा के रुख में बदलाव के साथ मानसून की वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी।

*******************

महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में आज इंग्लैंड का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। यह मैच दोपहर तीन बजे से गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

इंग्लैंड ने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था, जबकि बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था।

*********समाप्त**********